TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-106 | उज्जैन, मंगलवार 03 जून 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-6



# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का शुभारंभ 4 जून को

## गंगा दशमी पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव माँ शिप्रा को अर्पित करेंगे 351 फिट की भव्य चुनरी

संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

संजय जैन, सह-संपादक। उज्जैन। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 4 जून 2025 को शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का शुभारंभ रामघाट से ध्वज पूजन कर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जायेगा। गंगा दशमी के पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध भजन गायक पवन तिवारी शिप्रा तट पर अपनी प्रस्तुति देंगे। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के श्रद्धालु गंगा दशमी 5 जून 2025 को शिप्रा तट पर पहुँचेंगे। रामघाट पर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव माँ शिप्रा को 351 फीट की भव्य चुनरी अर्पित करेंगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायिका स्वस्ति मेहुल, आर्मी सिम्फनी बैंड एवं पंडित ढोली बुवा द्वारा हरिकथा की प्रस्तुति भी होगी।

शिप्रा लोक संस्कृति समिति के सचिव श्री नरेश शर्मा ने बताया कि नवमी एवं दशमी ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष गंगा दशहरा के पावन पर्व पर 4-5 जून 2025 को शिप्रा परिक्रमा आयोजित हो रही है। यात्रा का शुभारंभ 4 जून को प्रातः 8:00 बजे रामघाट पर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के कार्यकारी अध्यक्ष, महंत रामेश्वरदास महाराज, श्री श्रीराम तिवारी- माननीय मुख्यमंत्रीजी के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक, श्री उमेशनाथजी महाराज-राज्यसभा सांसद, श्री अनिल फिरोजियाजी- उज्जैन सांसद, श्री अनिल जैन कालूहेड़ा-विधायक, श्रीमती कलावती यादव- सभापति, नगर निगम उज्जैन, श्री मुकेश टटवाल-महापौर उज्जैन, श्री नारायण यादवजी- अध्यक्ष यादव महासभा, संजय अग्रवाल-अध्यक्ष भाजपा नगर, श्री रवि सोलंकी-वरिष्ठ समाजसेवी एवं साधु-संत तथा हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से आये श्रध्दालु उपस्थित रहेंगे। यात्रा से पूर्व रामघाट पर पंडित पुरोहितों द्वारा ध्वज पूजन माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा किया जायेगा। उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा में पुरातत्ववेत्ता, पूराविद, साहित्यकार, इतिहासकार, विषय विशेषज्ञ, जीव विज्ञान, भू वैज्ञानिक, साधु-संत आदि यात्रा में सहभागी रहेंगे। उन्होंने ने बताया कि 4 जून को यात्रा रामघाट से प्रारंभ होगी जो नरसिंह घाट, कर्कराज मंदिर, जगदीश मंदिर, जंतर मंतर वेधशाला, नानाखेड़ा, महामृत्युंजय द्वार, प्रशांति धाम, सांई मंदिर, त्रिवेणी शनि मंदिर से होते हुए गुरुकुल स्कूल पर विश्राम एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। इसके बाद यात्रा पुनः सिकंदरी, गोठड़ा, दाऊद खेड़ी, चिंतामण से होते हुए भूखी माता, गुरुनानक घाट, दत्त अखाड़ा घाट, पर शाम को पहुँचेगी। रामघाट पर भजन गायक पवन तिवारी द्वारा भजनों की प्रस्तुत होगी। दूसरे दिन 5 जून को प्रातः 9:00 बजे यात्रा का शुभारंभ दत्त अखाड़ा घाट ध्वजपूजन करने के पश्चात रणजीत हनुमान, भैरवगढ़, मंगलनाथ, अंगारेश्वर मंदिर, सांदीपनि आश्रम, काल भैरव, ऋण मुक्तेश्वर मंदिर, वाल्मिकी धाम, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार ढाबा रोड होते हुए शाम 5:00 बजे पुनः रामघाट पहुँचेगी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के माध्यम से रामघाट से दत्त अखाड़ा घाट पर 351 फीट भव्य चुनरी अर्पण एवं आर्मी के सिंफनी बैंड की प्रस्तुति होगी। शाम 7:00 बजे मुंबई की प्रख्यात गायिका स्वस्ति मेहुल द्वारा भजन प्रस्तुति होगी। इसी क्रम में 28 मई से 11 जून तक प्रतिदिन शाम 7:00 बजे होने वाली पंडित ढोली बुवा की कथा निरंतर प्रभाह मान रहेगी। उक्त जानकारी शिप्रा लोक संस्कृति समिति के सचिव श्री नरेश शर्मा के द्वारा दी गई।

# खुलेआम बरसाई गोलियां, युवक कि हत्या, कानून व्यवस्था को आइना बता रही घटना

**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ शहर में रविवार देर रात को जंगलराज देखने को मिला जिसके चलते कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सेमलपुरा इलाके के विकास होटल पर अज्ञात हमलावरों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर उसकी हत्या कर दी। मृतक की पहचान अजयराज सिंह झाला पुत्र शिवसिंह झाला निवासी निंबाहेड़ा के रूप में हुई है, जो चित्तौड़गढ़ पुलिस के रिटायर्ड एएसआई का बेटा था।

**पुरानी रंजिश के चलते हत्या, 60 राउंड से ज्यादा फायरिंग** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना का कारण काम को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश है, जो संभवतः बजरी विवाद से जुड़ी हुई थी। मृतक अपने दोस्तों के साथ होटल की छत पर खाना खा रहा था, तभी पांच से छह गाड़ियों में सवार करीब 30-35 हमलावर वहां पहुंचे और चार पिस्तौलों से करीब 60 राउंड फायर किए।

**प्रत्यदर्शी का बड़ा खुलासा** मृतक के साथी ओंकार शर्मा ने बताया कि घटना में ईश्वरसिंह डेट, कुलदीप सिंह, मोटी सिंह



डगला का खेड़ा, राजपाल सिंह, राहुल, विक्रम सिंह, कमल सिंह, भैरूं झूपड़ा सहित कई लोग शामिल थे। हमलावरों के पास स्कॉर्पियो, XUV, सिलेरियो, अल्टो जैसी कई गाड़ियाँ थीं। उन्होंने कहा कि यह हमला पूरी योजना के साथ किया गया और इसकी रेकी पहले से मनोज चौधरी द्वारा की गई थी।

**पुलिस कि कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल** घटना के तुरंत बाद घायलों को बिड़ला अस्पताल ले जाया गया। ओंकार शर्मा के अनुसार उस समय अजयराज सिंह जिंदा था, लेकिन डॉक्टर उसे देख कर भाग गया। उन्होंने 100 और 112 नंबर पर कॉल किया लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। बाद में पुलिस पहुंची और बताया कि डॉक्टर नहीं आएगा और युवक की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। कोतवाली थानाधिकारी भावनीसिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में करीब 8-10 हमलावरों द्वारा विवाद के चलते फायरिंग कर युवक की हत्या की बात सामने आई है। मृतक के साथी के बयान के आधार पर आरोपियों को नामजद किया गया है और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। शहर के कई स्थानों पर पुलिस दबिश दे रही है।

## रेलवे प्रीमियर लीग 2024-25 का भव्य समापन समारोह सम्पन्न

### आरपीएफ ग्राउंड पर हुआ आयोजन, कमर्शियल टीम रही विजेता



**उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो**
**9926809786**

रतलाम, वेस्टर्न रेलवे रतलाम मंडल द्वारा आयोजित रेलवे प्रीमियर लीग 2024-25 का समापन समारोह दिनांक 1 जून को आरपीएफ ग्राउंड पर अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक डॉ. अश्विनी कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे समारोह में जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, सीनियर डीसीएम हीना केवलरामानी, वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष प्रताप गिरी, सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र सोलंकी तथा निमिष व्यास वाजिद हुसैन खाँन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे आयोजन समिति ने आयोजन के लिए सहयोग देने हेतु वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के मंडल मंत्री अभिलाष नागर को खेल मैदान आवंटन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही टूर्नामेंट की ट्रॉफी उपलब्ध कराने हेतु संघ के अध्यक्ष प्रताप गिरी का भी विशेष आभार व्यक्त किया गया प्रतिस्पर्धात्मक और रोमांचक मुकाबलों के बाद कमर्शियल टीम ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि महाकाल टीम उपविजेता रही खिलाड़ियों और दर्शकों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार उत्साह और खेल भावना का प्रदर्शन किया समारोह में वक्ताओं ने इस प्रकार के आयोजनों को कर्मचारियों के बीच सकारात्मक ऊर्जा, सामूहिक सहयोग, खेल भावना और तनावमुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देने वाला बताया आयोजन समिति को इस सफल आयोजन हेतु प्रशंसा और शुभकामनाएं दी गईं।

## विधायक आक्या ने शहीद राजेन्द्रसिंह के शहादत दिवस पर उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये

### ये हमारे प्रेरणा के स्त्रोत है, ऐसे अमर शहीदो की कुर्बानियो को हम कभी भूल नही सकते- आक्या

**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने सोमवार को शहीद राजेन्द्रसिंह के शहादत दिवस पर उनके गांव राजेन्द्रसिंह नगर गण्ठेड़ी में स्थापित शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजली कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये।**

**इस अवसर पर विधायक आक्या ने शहीद राजेन्द्रसिंह की शहादत को नमन करते हुए कहा की उन्होने देश की रक्षा करने में अपने प्राणो की आहूति दी, वे देश के सच्चे सपूत थे। ऐसे अमर शहीदो की कुर्बानियो को कभी नही भुलाया जा सकता है, ये**



**हमारे प्रेरणा के स्त्रोत है। जो अपनी मातृभुमि के लिए अपनी जान न्यौछावर कर देते है, उनका बलिदान कभी व्यर्थ नही जाता है। इस अवसर पर प्रधान सुशीला कंवर, वीरांगना लीलांकवर, तेजपाल रेगर, प्रदीप लड्ढा, शम्भुलाल जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।**

## बजरी माफियाओ के आतंक को लेकर पूर्व मंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में ज्ञापन आज

### चित्तौड़गढ़ कि कानून व्यवस्था बजरी माफियाओं के सामने लचर साबित हो रही- पूर्व मंत्री जाड़ावत्

**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा।** राजस्थान सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में आज 3 जून दोपहर 12 बजे पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ को बजरी माफियाओं के साए में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधी मण्डल द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। पूर्व मंत्री जाड़ावत ने कहा है चितौड़गढ़ की शान और स्वाभिमान वाले जनप्रतिनिधि को वोट देकर स्थानीय जनता को नतीजन आतंक के साए में सोना पड़ रहा है रविवार रात्रि को सेमलपुरा में हुई भयावह घटना



रोंगटे खड़े कर देती है की शांत दिखने वाला चित्तौड़ अशांत होता जा रहा है की विधानसभा को किसकी नजर लग गई है। पूर्व में भी बजरी माफियाओं के बढ़ते होसले को लेकर प्रशासन को चेताया गया था, हाल ही में कुछ दिनों पूर्व नेतावल महाराज एवं बस्सी में आयोजित कार्यक्रम में भी मेने बजरी माफियाओं का जिक्र किया था। कानून व्यवस्था इन माफियाओं के सामने लचर साबित हो रही है, 60 राउंड गोलियां चलना एवं हत्या होना कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहे है। आखिर कोन मूकदर्शक बनकर बजरी की गाडी कमाई में लगा हुआ है जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद है।

## हज वेलफेयर सोसायटी की खिदमतगार मीट सेंधवा में हुई

**साजिद राजधानी सेंधवा से ऑल इण्डिया हज वेलफेयर सोसायटी की टीम ने आज सेंधवा म.प्र. में खिदमतगार मीट का आयोजन किया, हाजी इस्माईल साहब की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकीत खान ने वर्ष 2025 में हज के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने वाले अब्दुल गफ्फार खत्री, डॉक्टर फारूक, डॉक्टर एजाज़ खान, डॉक्टर शफी शेख, शाकिर शेख, जुनैद शेरी को हम कदम अवार्ड से सम्मानित किया इस अवसर पर समाज सेवी ज़ाकिर निर्बान, परवेज़ शेख, अहमद शेरी, आरिफ हुसैन आदि मौजूद थे**



# संघ शिक्षावर्ग कार्यकर्ताओं के निर्माण की साधना है-श्री श्रीनाथ जी










**भारत माता प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवज्जलन के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग प्रारंभ**

**पंच परिवर्तन से होगी धर्म की स्थापना - विनीथ नवाथे**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग ( व्यवसायी ) के प्रकट एवं समापन समारोह का आयोजन**

**धर्मेश सोनी** पेटलावद- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग ( व्यवसायी ) के प्रकट एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 227 शिक्षार्थियों ने सहभाग लिया। शारीरिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने समता, योग, घोष और दंड (लाठी) संचालन प्रयोगों का प्रदर्शन किया। जिसे देखने के लिए जिले भर से हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। प्रकटोत्सव स्थल पर प्रशिक्षण प्राप्त कुशलताओ का प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेवक आम लोगो के चेहरों पर आत्मविश्वास की अनुभूति करवा रहे रहे थे। पूरे परिसर में भगवान बिरसा मुंडा, गौ शाला, भगवान श्री कृष्ण व वेस्ट से बेस्ट से बने साधन झांकियों के रूप में दर्शन के लिए लगे थे।

स्थल को रंगोली से सजाया गया था जहाँ बड़ी संख्या में समाज, मातृशक्ति, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए।

माननीय सर्वाधिकारी जी श्री सुरजीतसिंह जी जुनेजा, माननीय जिला संघचालक श्री मानसिंह जी भूरिया, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री जितेंद्रानंद जी महाराज, नरसिंहानंद सेवा आश्रम रायपुरिया, तह. पेटलावद, जिला झाबुआ मुख्य वक्ता श्री विनीत जी नवाथे मालवा प्रान्त कार्यवाह मंचासीन उपस्थित रहे

अपने बौद्धिक में श्री विनीथ जी नवाथे ने कहा डॉक्टर हेडगेवार ने हिंदू हिंदू गौरव की स्थापना कर राष्ट्र के नव निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की. संघ पर तीन-तीन बार प्रतिबंध लगे परंतु संघ प्रत्येक बार नहीं शक्ति से आगे बढ़ा. राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, समाज व राष्ट्र जीवन की प्रत्यक्ष क्षेत्र में धर्मयुक्त संरचनाओं का निर्माण किया. धर्मांतरण करने वाली इसी मिशनरियां, जिहादी ताकते और हिंदू समाज को तोड़ने वाले वामपंथी इस देश के शत्रु हैं. इनके को कृतियों को हमें निस्तेज करना है.

हमारे वेद हमें प्रकृति की पूजा करना सिखाते हैं आज जनजाति समाज वेदों में कही गई हमारी परंपराओं को अक्षुण बनाए हुए हैं. शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पांच बातों को विशेष फोकस कर रहा है. समरसता,कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक अनुशासन. इन पांच परिवर्तनों से ही राष्ट्र में धर्म व्यवस्था स्थापित होगी.

**वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः मूल धेय्य वाक्य**

वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः, धर्मो रक्षति रक्षितः, इदं न मम इदं राष्ट्रं जैसे अति व्यापक अर्थों वाले पाठ व्यक्ति के मानस में सहज स्थापित हो इसी लक्ष्य के साथ संघ का यह वर्ग व्यक्ति में केवल भाव परिवर्तन या भाव विकास में सहयोगी बनाते हैं, और संभवतः यही व्यक्तित्व विकास का सर्वाधिक सफल मार्ग भी है जो इस वर्ग में सम्पन्न हुआ। ग्रीष्म की छूट्टियों में जब कि सामान्यतः लोग किसी पहाड़, पठार या ठंडे स्थान पर जाकर आराम करना पसंद करते हैं, तब प्रांत का एक बड़ा वर्ग अपनी स्वरुचि से संघ के अभ्यास वर्ग में आकर कड़ा श्रम किया और अपना पसीना बहाया। किसी गुरुकूल के विद्यार्थी की भांति, यहां व्यक्ति, व्यक्तित्व विकास व राष्ट्र चिंतन हेतु कष्टप्रद परिस्थितियों में रहकर प्रशिक्षण की दक्षताओं को प्राप्त किया।

संघ शिक्षा वर्ग - कुल चार प्रकार के संघ शिक्षा वर्ग होते हैं प्राथमिक वर्ग एक सप्ताह का होता है, संघ शिक्षा वर्ग और कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 20-20 दिन कार्यकर्ता विकास वर्ग 2 25 दिनों का होता है। प्राथमिक वर्ग का आयोजन सामान्यतः जिला करता है, संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन सामान्यत प्रान्त करता है, कार्यकर्ता विकास वर्ग -1 का आयोजन सामान्यत क्षेत्र करता है। कार्यकर्ता विकास वर्ग-2 अनिवार्यतः प्रत्येक वर्ष नागपुर में ही होता है।

**मुख्य बाते** संघ के आयोजन में में 227 शिक्षार्थी 17 शिक्षक 78 कृषक 42 कर्मचारी 8,आठ अधिवक्ता 2,दो चिकित्सक 1 एक इंजीनियर 74 व्यापारी तथा 7, सात अन्य स्वयं सेवको ने कठोर दिनचर्या का पालन करते हुए संघ शिक्षण का पालन किया। संघ शिक्षा वर्ग ने प्रातः चार बजकर पंद्रह मिनट जागरण से लगाकर रात्रि दंश बजकर 15 मिनट तक शारीरिक बौद्धिक व्यवस्था सेवा संपर्क प्रचार एवंम पर्यावरण विषय का अनुशासित सामूहिक जीवन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिक्षार्थियों ने सेवा कार्य अंतर्गत श्रम साधना आपदा प्रबंधन प्राथमिक उपचार पर्यावरण संरक्षण का अनुभव प्राप्त करते हुए प्रचार विभाग अंतर्गत सोशल मीडिया इलेक्ट्रिक प्रिंट मीडिया आधुनिक साधनों का सही उपयोग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। संपर्क विभाग के अंतर्गत समाज की सज्जन शक्ति एवंम प्रबुद्ध वर्ग से संपर्क करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया वर्ग स्थल पर भारतीय संविधान पर आधारित प्रदर्शनी के अतिरिक्त सेवा संपर्क व प्रचार विभाग के कार्यों की भी प्रदर्शनियां लगाई गई। शिक्षार्थियों को 35 शिक्षक तथा प्रांतीय क्षेत्रीय केंद्रीय अधिकारियों ने सतत शिक्षक एवंम मार्गदर्शन प्रदान किया व्यवस्था विभाग द्वारा 27 प्रकार की सेवाओं का संचालन कुल तीन स्थानों से 78 व्यवस्थापकों द्वारा किया जाकर वर्ग को निर्विघ्न समझा गया जिसमें प्रकृति ने सहयोग प्रदान करते हुए मंई माह में भीषण गर्मी में राहत प्रदान की इस संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाले शिक्षार्थियों ने स्वयं गणवेश खरीद कर अपने व्यस्त कार्यों से अवकाश लेकर समय निकाल कर वर्ग का शुल्क दे कर स्वयं के वैसे वर्ग की साधना पूर्ण की वर्ग की भोजन व्यवस्था हेतु 15 दिवस तक प्रतिदिन पेटलावद नगर की एक बस्ती तथा आसपास के 99 ग्रामों के 10593 परिवारों के 94 हजार 314 रोटियां प्राप्त हुई जिसे स्वयं सेवकों ने समाज का प्रसाद मानकर सम्मान पूर्वक ग्रहण किया। इस वर्ग में एक दिन 206 परिवार की माता बहनों द्वारा परिवार के साथ उपस्थित होकर पारिवारिक भाव से शिक्षार्थियों को मात्रहस्त भोजन करवाया। कल प्रातः दीक्षांत समारोह के पश्चात सभी शिक्षार्थी अपने-अपने स्थानों पर प्रस्थान करेंगे।

## पंख अभियान के तहत सभी विभाग विभागीय योजनाओं में बांछड़ा समुदाय के आधिकाधिक हितग्राहियों को हित लाभ प्रदान करें-श्री चंद्रा

**प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियो के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाए - कलेक्टर**

**कलेक्टर ने की जिला अधिकारियों की बैठक में पंख अभियान की प्रगति की समीक्षा**



**राजू पटेल नीमच** जिला प्रशासन द्वारा जिले के बांछड़ा बाहुल्य गांवों में निवासरत महिलाओं ,युवाओं और हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार , रोजगार एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाकर, हित लाभ प्रदान करे ,जिससे कि इस समुदाय के युवा एवं महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष नीमच में जिलाधिकारियों की बैठक में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित पंख अभियान नीमच की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या , संयुक्त कलेक्टर डॉ ममता खेड़े , सभी एसडीएम ,डिप्टी कलेक्टर एवं जिलाधिकारी तथा बांछड़ा बाहुल्य ग्रामों के लिए पंख अभियान के तहत नियुक्त किए गए सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से आवंटित ग्रामों का भ्रमण करें ,बांछड़ा समुदाय के पात्र युवाओं , हितग्राहियों और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए चिन्हित कर ,उन्हें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाए। कलेक्टर ने समुदाय के पढ़े -लिखे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश भी शिक्षा विभाग ,आदिम जाति कल्याण विभाग को दिए। उन्होंने पुलिस, आर्मी एवं अन्य ऐसी परीक्षाओं की फिजिकल तैयारी के लिए भी निःशुल्क व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बांछड़ा समुदाय के पात्र युवक- युवतियों को स्वरोजगार के लिए ब्यूटी पार्लर ,सिलाई, बकरी पालन, पशुपालन एवं अन्य व्यवसायों का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग को निर्देश दिए कि वह जिले में स्थापित उद्योगों में उनकी मांग के अनुरूप बांछड़ा समुदाय के युवक-युवतियों को सिलाई एवं अन्य प्रशिक्षण दिलाकर उद्योगों में अधिकाधिक युवाओं का प्लेसमेंट करवाए ।

## माकडोन पुलिस द्वारा दो अपराधीयो को अवैध जहरीली शराब के साथ किया गिरफ्तार



**अरशद जागीरदार** तराना- पुलिस अधीक्षक जिला उज्जैन प्रदीप शर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री पल्लवी शुक्ला के निर्देशन मे एसडीओपी तराना भविष्य भास्कर के मार्गदर्शन मे थाना माकड़ोन पुलिस द्वारा अवैध जहरीली शराब को ले जाने वाले दो शातीर अपराधी मांगीलाल पिता शिवलाल जाति मोंगिया उम्र 28 साल निवासी ग्राम मेरगढ़ तथा अशोक पिता सुरेश सिंह मंगिया उम्र 28 साल निवासी ग्राम मेरगढ़ को गिरफ्तार किया जाकर आरोपीगणो के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक की केन मे भरी हाथ भट्टी कि जहरीली कच्ची शराब कुल 10 लीटर किमती 1000 रुपये एक मोटर सायकल किमती 74,000 हजार रुपये कुल मश्रुका किमती 75,000 रुपये जप्त किया गया । आरोपीगणो को न्यायालय तराना मे दिनांक 02.06.25 को पेश किया किया जायेगा। सराहनीय भूमिकाः-थाना प्रभारी माकड़ोन प्रदीप सिंह राजपूत, उप निरीक्षक लाल चंद्र शर्मा , उप निरीक्षक मंसाराम चौधरी आरक्षक जितेंद्र सिंह आरक्षक संतोष आरक्षक 246 राजेंद्र सिंह आरक्षक 653 कृष्ण बल्लभ शर्मा,97 रविंद मुकाती,सैनिक 181 मांगीलाल,1212सैनिक आशीष सैनिक राहुल की सराहनीय भूमिका रही ।

## सेमलपुरा चौराहा पर हुई फायरिंग कि घटना निंदनीय, पुलिस दोषियों के विरुद्ध सख्य कार्यवाही करें- विधायक आक्या।

**शंभूपुरा। ओम जैन शंभूपुरा** चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने सेमलपुरा चौराहा पर हुई फायरिंग के घटना की निन्दा करते हुए कहा कि सेमलपुरा चौराहा स्थित होटल पर हुई फायरिंग की घटना के दौरान एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई जो कि निन्दनीय है। विधायक आक्या ने जिला पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ एवं अन्य पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करा पिडित को न्याय दिलाने की बात कही।

## अनादिकल्पेश्वर महादेव मंदिर जीर्णोद्धार एवं व्यवस्था समिति की बैठक हुई संपन्न

# बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा के बाद बनी सहमति

**अनिल भरावा** आलोट- आलोट क्षेत्र की जन जन की आस्था का केंद्र भगवान अनादिकल्पेश्वर महादेव मंदिर पर हो रहे शिखर निर्माण कार्य की प्रगति तथा सावन माह में मंदिर पर होने वाले आयोजनों की व्यवस्था एवं देखरेख के लिए मंदिर जीर्णोद्धार एवं व्यवस्था समिति की एक आवश्यक बैठक मंदिर कार्यालय एरन ब्रदर्स पर आयोजित की गई जिसमें कई विषयों पर चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से मंदिर शिखर निर्माण के कार्य को गति देने पर जोर दिया गया समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में मंदिर के शिखर निर्माण के लिए समिति जनसहयोग से राशि एकत्रित कर रही हे ओर उन्हें इसके लिए शिवभक्तों का अपार सहयोग समर्थन मिल रहा हे मंदिर पर 40 लाख की लागत से 51 फिट के लगभग शिखर का निर्माण होगा जिसके लिए शिवभक्तों ने इस पुनीत कार्य के लिए भरपूर सहयोग प्रदान कर इसके निर्माण में लगने वाली राशि प्रदान कर दी हे अब समिति द्वारा इसके आगे सभा मण्डप के निर्माण का कार्य भी शिखर के साथ पूर्ण हो सके इसके लिए भी योजना बना ली हे ओर इस पूरे कार्य की नपती कराकर स्टीमेट तैयार करा लिया हे जिसकी लागत भी डेढ़ करोड़ के आसपास आ रही हे मंदिर जीर्णोद्धार एवं व्यवस्था समिति के अध्यक्ष केदार मल काला ने बताया कि समिति का लक्ष्य हे कि अबकी बार हर हाल मे मंदिर का शिखर एवं सभा मण्डप का संपूर्ण कार्य पूर्ण हो सके इसके लिए समिति के सदस्य घर घर दुकान दुकान पर पहुंच कर शिवभक्तों से सहयोग प्राप्त कर रहे हे जिसमें उनके द्वारा बढ़चढ़ कर दान राशि प्रदान की जा रही हे वही मंदिर पर कलेवर कुंड गो मुखी,रेलिंग एवं इसके







कलर का कार्य भी पूर्ण हो चुका हे शीघ्र ही इसमें जल प्रवाहित कर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा इसमें आकर्षक लाइट एवं फव्वारे लगाए जाएंगे वहीं मंदिर के बाहर नगर परिषद द्वारा शासन की अमृत 02 योजना के तहत 30 लाख की लागत से बगीचे का ओर 70 लाख की लागत से तालाब का कार्य प्रारंभ हो चुका हे वहीं एक शिव भक्त गोपाल जी शर्मा द्वारा पहाड़ पर हनुमान जी की प्रतिमा लगाने की सहमति प्रदान की हे जिसके लिए समिति द्वारा जगह का चयन कर इस कार्य को भी शीघ्र अंजाम देने की योजना बनाई हे श्री काला ने आगे बताया कि मंदिर को अपने पुराने स्वरूप में लाने की योजना पर समिति कार्य कर रही हे यहां पूर्व की तरह 12 ज्योतिर्लिंग दत्तात्रेय भगवान,हिंगलाज माता,छोटे भोले नाथ लक्ष्मीनारायण मंदिर नागदेवता मंदिर आदि के निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य तथा नंदी भगवान को भोलेनाथ के समीप लगाने की योजना भी समिति द्वारा बनाई गई हे एक एक कर सभी कार्यों को समय अनुसार अंजाम दिया जाएगा इसके लिए भी दानदाताओं से चर्चा की जा रही हे वही मंदिर पर पुजारी एवं सेवादारों के कार्य भी तय किए जाएंगे मंदिर पर नियमित सफाई एवं गर्भगृह में अभिषेक पूजन आदि की व्यवस्था को भी सुधरा जाएगा पर्व के समय भक्तों को दर्शन करने में असुविधा ना हो इसके लिए भी योजना बनाई जा रही हे इस अवसर पर मंदिर जीर्णोद्धार एवं व्यवस्था समिति के अध्यक्ष केदार मल काला संरक्षक कालुसिंह परिहार,हरपाल सिंह सोलंकी,दिनेश कोठारी,शांतिलाल कामरिया ,कैलाश गुप्ता,सचिव अशोक शर्मा,सहसचिव मनीष सेठिया उपाध्यक्ष अनिल भरावा मनीष पांचाल,सदस्य विनय निगम ,भूपेंद्र सिंह परिहार,घनश्याम सोनी,आदि उपस्थित थे

## हाथी पर भारी पड़ा सफेद घोड़ा, जान बचाने के लिए दोड़ लगा कर भागा हाथी

**उपेन्द्र पाटोदिया** रतलाम- शहर में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां एक घोड़े और हाथी के बीच लड़ाई हो गई। आमतौर पर जंगल के राजा शेर और हाथी की लड़ाई की बात होती है, लेकिन यहां मामला कुछ और ही था। सफेद रंग का एक घोड़ा एक विशाल हाथी से भिड़ गया। हाथी ने भी लड़ाई करने के बजाय भागना बेहतर समझा। घोड़ा भी हाथी के पीछे-पीछे दूर तक दौड़ता रहा।

**सैलाना रोड की घटना** जानकारी के अनुसार, सैलाना रोड पर हाथी और घोड़े के बीच संघर्ष हुआ। घोड़ा हाथी को काटने के लिए दौड़ रहा था। हाथी खुद को बचाने की कोशिश कर रहा था. लोग हाथी को काबू करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन घोड़ा हाथी को दौड़ा रहा था। इस दौरान हाथी ने एक मोटरसाइकिल भी गिरा दी और इधर-उधर भागने लगा। लेकिन घोड़ा हाथी का पीछा नहीं छोड़ रहा







था। आखिर में, हाथी को घोड़े से बचने के लिए दौड़ लगानी पड़ी।

## जावद माहेश्वरी समाज के युवा नारायण सोमानी ने कहा माहेश्वरी समाज का महेश नवमी वंशोत्पत्ति दिवस आराधना, सम्मान और कृतज्ञता के प्रतीक का रूप

जावद । माहेश्वरी समाज के युवा एवं प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी ने कहा हर वर्ष माहेश्वरी समाज का वंशोत्पत्ति दिवस महेशोत्सव महेश जयंती ज्येष्ठ मास में आने वाली शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। नवमी आने से माहेश्वरी समाज महेश नवमी को महेश जयंती, भगवान शिव का नाम महेश के नाम पर मनाते हैं। इस बार महेश नवमी 4 जून 2025 बुधवार को धुमधाम से मनाई जाएगी। जावद निवासी माहेश्वरी समाज के युवा नारायण सोमानी ने आगे बताया है कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महेश नवमी के दिन भगवान महेश और माता पार्वती ने ऋषियों के श्राप से पत्थर हो चुके 72 क्षत्रियों को श्रापमुक्त किया था। भगवान महेश और माता पार्वती ने इन क्षत्रियों को पुनर्जीवन दिया और उन्हें माहेश्वरी कहलाने का आशीर्वाद दिया जिससे माहेश्वरी




समाज की वंशोत्पत्ति हुई। माहेश्वरी समाज इसी दिन से भगवान शिव और माता पार्वती के प्रति अपने सम्मान और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में आराधना करके मनाते है। इसलिए ज्येष्ठ मास में आने वाली शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को महेश नवमी मनाई जाती है। श्री सोमानी ने कहा माहेश्वरी समाजजन महेश नवमी को महेश जयंती कहते है। भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करके आशीर्वाद लेते है साथ ही विधिविधान, मंत्रोच्चार से शिवजी का अभिषेक करके शुभ कार्य प्रारम्भ करते है। माहेश्वरी समाज के युवा नारायण सोमानी ने कहा महेश नवमी के दिन माहेश्वरी समाजजन अपना, अपना व्यवसाय बंद करके भगवान शिवजी की आराधना, विशाल शोभायात्रा, रथ यात्रा, चल समारोह, खेलकुद, प्रतियोगिता, वरिष्ठजनो का सम्मान, घर, घर भगवा ध्वज, दीप, रोशनी, महाप्रसादी सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके महेश जयंती की शुभकामनाए देते है।

## स्वच्छता ही सेवा है,स्वस्थ रहना है तो स्वच्छता को आत्मसात करना होगा,नगर परिषद पेटलावद ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

### वार्ड-वार्ड भ्रमण कर स्वच्छता का देगें संदेश

**संवाददाता = धर्मेश सोनी** पेटलावद-नगर परिषद पेटलावद के द्वारा नगरीय क्षेत्र के नालों-नालियो रोड एवम अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता के संदेश दिए जाने की शुरुआत हुई । शासन निर्देशानुसार जून जुलाई अगस्त माह में नगर में स्वच्छता का अभियान चलाया जा कर इस अभियान में नगर के जनप्रतिनिधियो,सामाजिक संगठनों,युवाओ,पत्राकार बंधु,विभिन्न संस्थाओं को शामिल करते हुए अभियान चलाया जाना है ।नगर परिषद पेटलावद के द्वारा आज इस अभियान की शुरुआत वार्ड क्रमांक ए 01और वार्ड क्रमांक 02 से की गई7 वार्ड में नालियों







की सफाई हेतु वार्ड पार्षद मुकेश परमार उपस्थित रहे । प्रथम चरण में अभियान 02 जून से शुरू होकर 08 जून तक चलेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेन्द्र भण्डारी ने बताया की अभियान का उद्देश्य बारिश पूर्व नगरीय निकाय क्षेत्र के आवासीय एवं सार्वजनिक स्थलों के नाले नालियो की सफाई करना। नाले में जमी गाद को हटाना,नाले नालियो को अतिक्रमण मुक्त करना। नाले में कचरा डालने से रोकना लोगो में जागरूकता फैलाना। निकाय के द्वारा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रतिदिन वार्डो में गुमकर लोगो को स्वच्छता का संदेश देना है । नगर परिषद के द्वारा वार्ड क्रमाक एक और दो वार्ड से अभियान की शुरुआत की ।नगर परिषद पेटलावद नगर के प्रत्येक वार्ड में पहुच कर अभियान चलाएगी स्वछता अभियान अंतर्गत वार्ड पार्षद मुकेश परमार,स्वछता प्रभारी शुभम देवड़ा,कैलाश सोलंकी ,उपयंत्री दीपक वास्कले व निकाय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जोधपुर से रामदेवरा स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को चलेगी

**यात्रियों के लिए होंगे 10 अनारक्षित डिब्बे**

**सुबह जाकर उसी दिन शाम को लौटेगी स्पेशल ट्रेन**

**जोधपुर, रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों के अतिरिक्त यातायात को ध्यान में रखते हुए 6 जून को जोधपुर से रामदेवरा स्टेशनों के बीच एक ट्रिप के लिए अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है**

**जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि रामदेवरा मंदिर में दर्शनार्थ जाने वाले जातरुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा 6 जून शुक्रवार को एक ट्रिप के लिए जोधपुर-रामदेवरा-जोधपुर स्पेशल अनारक्षित ट्रेन का संचालन किया जा रहा है**

**उन्होंने बताया कि ट्रेन 04833,जोधपुर-रामदेवरा स्पेशल( 1 ट्रिप ) 6 जून को जोधपुर रेलवे स्टेशन से सुबह 10.50 बजे रवाना होकर दोपहर 2.30 बजे रामदेवरा पहुंच जाएगी**

**वापसी में ट्रेन 04834,रामदेवरा-जोधपुर स्पेशल( 1 ट्रिप ) रामदेवरा से 6 जून को ही दोपहर 3.20 बजे रवाना होकर सायं 7.15 बजे जोधपुर पहुंच जाएगी। ट्रेन में यात्रियों की सुविधा हेतु 8 जनरल व 2 गार्ड एसएलआर सहित कुल 10 अनारक्षित डिब्बे होंगे**

**रास्ते के इन प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि ट्रेन आवागमन में राइकाबाग,मंडोर,मारवाड़ मथानिया,ओसियां, मारवाड़ लोहावट व फलोदी स्टेशनों पर ठहराव करेगी तथा इस ट्रेन के संचालन से यात्रियों को रामदेवरा आवागमन में सुविधा होगी**

# महेश नवमी महोत्सव में पुरुष लीग क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

### फाइनल मुकाबले में एनसीसी क्लब रही विजेता



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** माहेश्वरी समाज के स्थापना दिवस महेश नवमी पर आयोजित किये जा रहे ग्यारह दिवसीय महेश नवमी महोत्सव 2025 के नवें दिन पुरुष लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ।

जानकारी देते हुए महोत्सव के संयोजक शैलेंद्र झंवर ने बताया कि रविवार देर शाम खेले गए फाइनल मुकाबले में एनसीसी क्लब ने शाह रॉयल्स क्लब को फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया। हिमांशु सोमानी की शानदार धमाकेदार बल्लेबाजी रही।

प्रभारी पियूष नुवाल ने बताया कि इससे पहले द विनायक वॉरियर, एनसीसी क्लब, एमसीसी क्लब व शाह रॉयल्स की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची थीं। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अंकित काबरा व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अनंत मूंदड़ा को घोषित किया गया।

सह संयोजक अशोक कलंत्री ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप लड्ढा थे।

अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी, नकद राशि व मेडल दिये गये। माहेश्वरी समाज के सैंकड़ों गणमान्य नागरिको, बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं, माताओं और बहिनों की मौजूदगी में रंगारंग समापन समारोह आयोजित किया गया।

## रात्रि चौपाल भटवाडा में 3 जून को आयोजित होगी

**जुबेर अहमदधरियावद9001885006** प्रतापगढ़–जिला कलक्टर डॉ. अंजली राजोरिया की अध्यक्षता में उपखण्ड धरियावद की ग्राम पंचायत वालीसीमा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भटवारा में 03 जून, मंगलवार को सांय 7 बजे से रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ.अंजली राजोरिया ने आदेश जारी कर बताया कि रात्रि चौपाल में संबंधित उपखंड अधिकारी, समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी, विकास अधिकारी, विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी, धरियावद ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी भाग लेंगे।

# 24 वे शहादत दिवस पर गार्ड ऑफ़ ऑनर के साथ शहीद राजेंद्र सिंह को किया नमन

### अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सेना के अधिकारियों एवं सेकड़ो ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** भदेसर उपखंड क्षेत्र के शहीद राजेंद्र सिंह चौहान की 24 वे शहादत दिवस पर उनके पैतृक गांव स्थित शहीद स्मारक पर 2 जून सोमवार को सेना के जवानों सहित परिवारजन ग्रामीण व जन प्रतिनिधि, आमंत्रित अतिथि, मित्रगण, मीडिया कर्मी सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शहीद राजेन्द्र सिंह नगर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंच शहीद राजेंद्र सिंह चौहान को श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके बलिदान पर नमन किया।

शहिद की वीरांगना लीला कंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 जून 2001 को उड़ी सेक्टर में दुश्मनों से लड़ते हुए देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले राजेंद्र सिंह चौहान के शहादत दिवस पर पैतृक गांव राजेंद्र सिंह नगर स्थित शहीद स्मारक पर प्रतिवर्ष 2 जून को शहादत दिवस पर उनको नमन किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार 2 जून को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेना के जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शहीद वीरांगना लीला कंवर के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया।

कार्यक्रम का निर्धारित समय प्रातः 8ः30 था, निर्धारित समय पर चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, भदेसर प्रधान सुशीला कंवर, सरपंच संजना कंवर सहित पटवारी एवं सचिव पहुंचे। निर्धारित समय पर सरकारी अधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों के नहीं पहुंचने पर कार्यक्रम देरी से प्रारंभ हुआ।

शहीद स्मारक पर शहीद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात शहीद स्मारक स्थित सभा भवन में श्रद्धा सुमन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित वक्ताओं के द्वारा अपने विचार व्यक्त कर शहीद को नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शहीद राजेंद्र सिंह नगर विद्यालय के कक्षा 8 कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के टॉपर रहे होनहार विद्यार्थियों का प्रशंसा पत्र एवं शील्ड के साथ उपखंड अधिकारी के द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात शहीद स्मारक पर सांसद चंद्रप्रकाश जोशी एवं आमंत्रित अतिथियों के द्वारा पौधारोपण किया गया एवं प्रतीकात्मक रूप से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

भदेसर उपखंड क्षेत्र के शहीद राजेंद्र सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु चित्तौड़गढ़ सांसद चंद्रप्रकाश जोशी, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, भदेसर प्रधान सुशीला कंवर, पूर्व प्रधान गोविंद सिंह शक्तावत, गंगरार पूर्व प्रधान शक्ति सिंह शक्तावत, उप प्रधान प्रतिनिधि श्रवण सिंह राव, पूर्व प्रधान तेजपाल रेगर, जिला परिषद सदस्य कैलाश जाट, भादसोड़ा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक लड्ढा, भदेसर पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन आचार्य, इंटक नेता घनश्याम सिंह राणावत, आक्या सरपंच संजना कंवर, नाहरगढ़ सरपंच सोसर देवी, बांसेन सरपंच कन्हैया दास वैष्णव, मंडफिया पूर्व सरपंच जानकीदास वैष्णव, पंचायत समिति सदस्य गोविंद सोनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कंवरलाल गुर्जर, मंडपिया मंदिर मंडल के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, समाजसेवी प्रकाश लिटिल भट्ठ, प्रदीप लड्ढा, सागर सोनी, हर्षवर्धन सिंह रूद, शक्ति सिंह चरपोटिया, भेरूलाल सोनी, धनराज गाडरी नरबदिया, शंभू लाल जाट, भेरूलाल सोनी, पवन तिवारी, राधेश्याम आचार्य, अशोक अग्रवाल, श्रीनिवास लड्ढा, खुमान सिंह राव, आमेट भूतपूर्व सैनिक गोपाल सिंह शेखावत, वंदे मातरम फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव भावेश बम, मनीष जैन, मादड़ी से मान सिंह, मीडियाकर्मी, समाजसेवी, 5 महार बॉर्डर्स के सूबेदार बुद्धा राम हवलदार, जेतु सिंह 1890 रॉकेट रेजीमेंट के नायब सूबेदार सुरजन सिंह, लांस नायक सोनू यादव, लांस नायक शाहरुख खान, घनर विवेक, घनर सुमित, चित्तौड़गढ़ जिला रसद अधिकारी हितेश जोशी, चित्तौड़गढ़ कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे, भदेसर डिप्टी अनिल शर्मा, मंडफिया थाना अधिकारी गोकुल लाल डांगी, भदेसर पंचायत समिति के लाल मोहम्मद, देवराज सिंह राणावत, अनिल टेलर, भीमराज जायसवाल, आक्या ग्राम पंचायत के राजीव गहलोत, सचिव प्रियंका चौहान, पटवारी सारिका कवर, पूर्व सैनिक गोपाल सिंह, सुरेश रावल, शंकर सिंह राणावत, शहीद स्मारक समिति के सदस्य गण ग्रामीण जन परिवारजन एवं मित्रगण पहुंचे एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# भारत श्री सम्मान 2025 से नवाजे गये शिक्षक राजेन्द्र सिंह झाला



बाग–भव्या फाउंडेशन द्वारा गुलाबी नगरी जयपुर (राजस्थान ) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में बाग के उच्च श्रेणी शिक्षक राजेन्द्र सिंह झाला भारत श्री सम्मान से नवाजे गए। सी.एम.राईज स्कूल बाग में कार्यरत शिक्षक श्री झाला को देश विदेश की 200 प्रतिभाओं के साथ भारत श्री सम्मान पत्र, मोमेंटो एवं राजस्थानी पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। दिनांक 01जून को भव्या फाउंडेशन के तत्वाधान में कैंसर पीड़ितों और शारीरिक रूप से अक्षम और आटिज्म वर्रिएर्स बच्चों को समर्पित अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन और भारत श्री सम्मान –2025 का आयोजन रविवार सुबह 10बजे सुरेश ज्ञान विहार युनिवर्सिटी जगतपुरा जयपुर के कालिंदी आडिटोरियम में संपन्न हुआ ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक शैलेन्द्र माथुर, निर्देशक डॉ निशा माथुर के अनुसार मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी एवं उद्यमी महेश भाई सवाणी सूरत गुजरात और अतुल कुमार शर्मा उद्यमी जयपुर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पोस्टर विमोचन बीजू जॉर्ज जैसफ–पुलिस कमिश्नर जयपुर एवं उमाशंकर शर्मा आयुक्त फार्मर स्टेट कमिश्नर जयपुर के द्वारा किया गया। समारोह में साहित्य, पत्रकारिता, समाजसेवा,शिक्षा,कला, ज्योतिष, उद्यमी, कृषि फिल्म, फ़ैशन व अन्य क्षेत्रों में अपने मन,लग्न ओर हिम्मत से मुकाम हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। श्री झाला पूर्व में भी विकास खंड, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर सम्मानित होते रहे हैं।आपने शिक्षक समाख्या, प्राथमिक शिक्षा मिशन, सर्व शिक्षा अभियान में मास्टर ट्रेनर के रूप में विभिन्न जिलों में जाकर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है।बहुकक्षा शिक्षण एवं दक्षता आधारित प्रशिक्षणों अनुपयोगी सामग्री एवं आसपास के वातावरण से बच्चों को कैसे सिखाया जाए,इस पर कार्य कर अपनी शाला एवं अन्य शालाओं को तैयार किया गया था । साथ ही तुलसी मानस मंडल के माध्यम से भजनों के माध्यम से सनातनी संस्कृति का गुणगान भी करते आ रहे हैं। साहित्य में आपकी लघुकथाएं, कविताएं सांझा संकलन एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित होती है।

इस अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन का संचालन एंकर ऋछ्. (आकाशवाणी) ने किया। श्री झाला को वीरों की धरती गुलाबी नगरी जयपुर में सम्मानित होने पर ईष्ट मित्रों, पत्रकार बंधुओ एवं समाजसेवियों ने बधाई प्रेषित की है।

# 10 करोड़ रूपये की लागत से बनेगा बाबूलाल गौर ऑडिटोरियम....

### बाबूजी सादगी और शुचिता के प्रतीक और सच्चे कर्मयोगी थे– मंत्री कृष्णा गौर,.....



संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878-- बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में 02 जून सोमवार को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.बाबूलाल गौर की जयंती का गरिमामय आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा गौर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार म.प्र. शासन पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण घुमंतु एवं अर्ध्द घुमंतु कल्याण विभाग, भोपाल (म.प्र.) ने स्व. बाबूलाल गौर की प्रतिमा पर श्रध्दा सुमन अर्पित करते हुए अपने भावभीने उद्बोधन में कहा कि राजनीति के क्षेत्र में सादगी और शुचिता के प्रतीक विनम्र, सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी, आदर्श के केन्द्र आदरणीय बाबूजी को नमन करती हूँ । आज का दिन उनके आदर्शों पर चलने के लिये संकल्प का दिन है। मैं उनकी ऐसी बेटी हूँ, जिसका मार्गदर्शन उन्होनें पल–पल पर किया वे सच्चे जनसेवक और कर्मयोगी थे ।इस दौरान मंत्री महोदया ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि इस महाविद्यालय में वर्तमान सत्र 2025–26 से ,श्ष्ठक्क पाठ्यक्रम बी.ए. टूरिज्म इन हॉस्पिटिलिटी ऑपरेशन्स प्रारंभ हो रहा है, जिसमें प्रवेशित विद्यार्थी को तृतीय वर्ष में 8 हजार रूपये प्रतिमाह स्टायपेंड की पात्रता होगी । इस अवसर पर कृष्णा गौर ने उच्च शिक्षा विभाग से महाविद्यालय परिसर में स्वीकृत मल्टीपर्पज हॉल के लिये 3 करोड़ 65 लाख रूपये की राशि को कम बताते हुए बाबूजी की गरिमा एवं इस क्षेत्र की आवश्यकता पर ध्यान रखते हुए कम से कम 10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित किये जाने की अनुशंसा की है। बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ का उद्घाटन करते हुए कृष्णा गौर ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया। इस शोध प्रकोष्ठ में शोध प्रबंध और गौर साहब के जीवन पर आधारित बहुमूल्य साहित्य उपलब्ध है । इसी के साथ मंत्री कृष्णा गौर द्वारा महाविद्यालय में 21 लाख रूपये की राशि से नवनिर्मित कार पार्किंग शेड का लोकार्पण किया गया तथा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण में किया गया । कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने किया एवं प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने महाविद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबूजी के नाम से बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से राजनीति एवं समाज विज्ञान के विद्यार्थी बाबूजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर पीएचडी कर सकते है । कार्यक्रम में समाजसेवी आर.के. यादव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एल.के खरे एसडीएम एवं उपाध्यक्ष जनभागीदारी समिति, गोविन्दपुरा क्षेत्र के विभिन्न पार्षदगण, वरिष्ठ समाजसेवी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थियों ने बाबूजी की प्रतिमा पर श्रध्दा सुमन अर्पित किये । इस अवसर पर नोबल मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं कार्डियक सेंटर भोपाल तथा श्री साँई वेलनेस फिट जोन भोपाल द्वारा लगाये गये शिविर में कई लोगो ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण भी कराया ।

# राजपूत समाज रानापुर ने श्री महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई

पंकज गोस्वामी राणापुर-राजपूत समाज रानापुर द्वारा श्री महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर श्री महाराणा प्रताप की तस्वीर पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर जगीन ठाकुर के द्वारा मिठाई वितरित की गई उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगीन ठाकुर,मनोज पंवार, महेंद्र सिंह चौहान मुकेश पवार भूरे सिंह जी परिहार केसरिया सिंह जी राठौड़ राजपूत समाज अध्यक्ष रणछोड़ जी पवार एवं अमित पवार कल सिंह पवार प्रदीप सोलंकी आदि उपस्थित रहे



# महाराणा प्रताप की 485 जयंती पर पीथमपुर मै शोभा यात्रा निकाली गई




**मनीष मीणा** पीथमपुर सेक्टर 1 में रविवार को महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर शौर्य यात्रा निकाली गई। महाराणा प्रताप बस स्टैंड से यात्रा शुरू हुई। सबसे पहले महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

शौर्य यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। यह आयशर चौराहा, महू नीमच मार्ग, आजाद चौराहा औरजय नगर, छत्र छाया कालोनी से होते हुए हाउसिंग बोर्ड कम्युनिटी हॉल पहुंची। यात्रा का मुख्य आकर्षण आदिवासी समाज के युवक-युवतियों का नृत्य रहा। उन्होंने पूरे यात्रा मार्ग पर नृत्य प्रस्तुत किया। वही युवा घुड़सवारी करते चल रहे थे।

**जगह-जगह लोगों ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया** कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। राजपूत समाज के साथ बड़ी संख्या में सर्व समाज के जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भी शामिल हुए। राजपूत समाज ने यात्रा में शामिल सभी स्वजाति बंधुओं का स्वागत और सम्मान किया। समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। यह आयोजन महाराणा प्रताप के वीरतापूर्ण जीवन और उनके योगदान को याद करने के लिए किया गया। शोभा यात्रा मै राजपूत समाज पिंटू चौहान यशपाल चौहान श्रवण चौहान रविराज शेखावत राजकुमार शेखावत मोनू बनना एवं बड़ी संख्या में राजपूत समाज लोग शामिल हुए।

# समग्र ईकेवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में गति लावे - कलेक्टर डॉ बेडेकर



**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो अलीराजपुर- कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में किया गया । इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर सिंह , अनुविभागीय अधिकारी अर्थ जैन ,अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर , अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे , सहित संबंधित विभाग प्रमुख उपस्थित थे । इस दौरान माह मई की समाधान में प्राप्त 179 शिकायतों की समीक्षा की ।**

**कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने समस्त उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने विभाग में लंबित पेंशन प्रकरणों का तुरंत निराकरण करें , सेवानिवृत कर्मचारी को उसके सेवानिवृत दिवस पर उसकी सेवा काल के सभी लाभ देना सुनिश्चित करें । इस दौरान उन्होंने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि समग्र ईकेवाईसी का कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है , जिले के समस्त सचिव एवं रोजगार सहायक को निर्देशित कर कार्य में गति देवे अन्यथा संबंधित सचिव के खिलाफ कार्यवाही कर मुख्यालय को अवगत कराए । इस दौरान उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में विशेष प्रयास की आवश्यकता है जल्द से जल्द इस कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें।**

**इस दौरान उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका अलीराजपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि खंडवा बडौदा मार्ग की दोनो तरफ से सड़क चौड़ीकरण का कार्य करना है , रोड के दोनों तरफ नजरिया नक्शा मुख्यालय में सर्वे कर जल्द से जल्द पेश करें साथ ही मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर रोड की चौड़ाई में काटे जाने वाले पेड़ों की संख्या के साथ अनिर्वायता की जानकारी उपलब्ध कराए ।**

# अलीराजपुर समूह जल प्रदाय योजना एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्ययोजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई

## जल जीवन मिशन के तहत आगामी मार्च 2026 तक कार्य को पूर्ण करने का प्रयास करें - संयुक्त सचिव श्री गिरिराज



**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर – कलेक्टर सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के तहत अलीराजपुर समूह जल प्रदाय योजना एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सें संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव निखिल गिरिराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई । इस बैठक में तकनीकी अधिकारी मोहम्मद रफी ए , कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर , मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर सिंह , अनुविभागीय अधिकारी अर्थ जैन , तपीस पांडे , कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सुखराम मेडा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे इस समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के अधिकारी कुलद्वीप सिंह कलम द्वारा बताया गया कि 539 गांवों मे इस मिशन के तहत जल की आपूर्ति के लिए कार्य प्रगति पर है , अलीराजपुर समूह जल प्रदाय योजना के तहत अलीराजपुर के 29 हजार 717 , चंद्रशेखर आजाद नगर के 17 हजार 8 सौ 70 , कट्ठीवाड़ा के 23 हजार 4 सौ 92 , सोण्डवा के 33 हजार 4 सौ 68 जोबट के 16 हजार 2 सौ 31 , उदयगढ के 19 हजार 2 सौ 50 परिवारों को जल आपूर्ति की जाएगी इस दौरान कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने बताया कि लोक यांत्रिकी विभाग द्वारा पूर्व से क्रियान्वित 158 ग्राम को भी जल जीवन मिशन द्वारा बल्क में जल प्रदाय किया जाएगा । जिसकी स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है , जिसके कारण पूर्व में 2 हजार किमी की पाइप लाइन बिछानी थी किन्तु स्वीकृति के बाद पूरे जिले में लगभग 6 हजार किमी से अधिक पाइप लाइन बिछाई जाएगी । कार्य पूर्ण होने पर जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में इस योजना के तहत जलापूर्ति की जाएगी । जल जीवन मिशन के तहत जिले के समस्त तहसीलों में जल की कमी नहीं रहेगी इस दौरान जल जीवन मिशन अधिकारी श्री कुलदीप ने बताया कि जिले में 205 टंकियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति की जाना है जिसमें से 87 टंकी निर्माण का कार्य शेष है , इस योजना के ग्राम के हर घर में नल कनेक्शन से जल की पूर्ति की जाना है , फलिये में घर से घर तक दूरी अधिक होने से कार्य की गति जरूर कम है लेकिन तय सीमा में कार्य को निश्चित ही पूर्ण किया जाएगा । शासन द्वारा जल रेखा एप्लिकेशन के माध्यम से पाईप लाईन की कनेक्टिविटी की निगरानी रखी जा रही है , कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक दिवस इस पोर्टल पर जानकारी अपलोड की जा रही है , भविष्य में ये एप्लिकेशन सार्वजनिक तौर पर उपयोग की जाकर अपने कनेक्शन एवं आदि की जानकारी एकत्रित की जा सकेगी । इन टैंक वेल विथ पंप ककराना में 41 प्रतिशत से अधिक पूर्ण किया जा चुका है इस दौरान संयुक्त सचिव श्री गिरिराज ने संबंधित जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र की मंशा है कि इस योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो , भविष्य में हर घर में नल कनेक्शन अनिर्वाय रूप से होना चाहिए , इन नल के माध्यम से प्रत्येक घर को शुद्ध पेयजल मिले । पाईप लाईन एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखें , किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा निर्माण एवं गुणवत्ता से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त होती है , तो उसे गंभीरता से लेकर जांच करें । निर्माण एवं अन्य विभाग से अनुमति से संबंधित समस्याओं का जल्द निराकरण करें । अगामी 2026 मार्च तक कार्य को पूर्ण करने का प्रयास करें । वर्तमान में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर उनकी जरूरतों एवं उपलब्धता का ध्यान रख कर कार्य किया जाए ।

# AICC द्वारा जय हिन्द सभा कार्यक्रम जबलपुर मे सम्पन्न- कार्यक्रम के सहप्रभारी संजय शर्मा का कुशल मैनेजमेंट

## अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा संस्कारधानी जबलपुर की जय हिंद सभा भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रमबाहु को लेकर कांग्रेस की ऐतिहासिक सफल सफल रही..।



**अमित भाटिया** नरसिंहपुर- भारतीय सेना की शैर्य पराक्रम व वीरता को समर्पित ये अखिल भारतीय कांग्रेस व मध्यप्रदेश द्वारा जबलपुर सस्कारधानी से सेना के सभी विस्फोट व सभी सेना के उपयोग मे आने वाली वस्तुओं का एक केन्द बिन्दु जबलपुर है इस शहर से अनेको वीर सिपाहीयो ने सेना मे त्याग व शैर्य व समर्पण दिया इस शहर का नाता भारत की आजादी से लेकर आज भी सभी भारतीय युद्धों मे हमेशा निरन्तर रहता है इस लिए कांग्रेस ने सेना की वीरता से पाकिस्तान को जो सबक सिखाया उस हेतु उनका समर्पण को समर्पित ये कांग्रेस की जय हिंद सभा का उद्देश्य था...।

जिसमे मध्यप्रदेश के सभी नेता व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र बधेल व मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व दिग्विजय, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री विधायक व वर्तमान विधायक जैसे कांतिलाल भूरिया, लखन घनघोरिया, विवेक कृष्ण तन्खा, संजय शर्मा, ठाकुर रजनीश सिंह, उंमग संगार, सुखदेव पांसे, सज्जन सिंह वर्मा, अरुण यादव, आलोक मिश्रा, संजय यादव, सौरभ नाटी, आरिफ मसूद, मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी मध्यप्रदेश के प्रभारी सहित कांग्रेस के सभी बडे नेता मौजूद रहे।

संस्कारधानी जय हिंद सभा को सफल बनाने हेतु कांग्रेस पार्टी ने सभा के सहप्रभारी का प्रमुख जाबांज जुझारू जननायक संजय शर्मा को प्रभारी बना

**जननायक कांग्रेस के कद्दावर युवा नेता पूर्व विधायक संजय शर्मा ने जय हिंद सभा मे पधारे सभी का आभार व्यक्त किया...**

31 तारीख संस्कारधानी जबलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित देश के वीरों का सम्मान में जय हिंद सभा का आयोजन किया गया है नरसिंहपुर जिले के ऊर्जावान नेता संजय शर्मा जी को इस कार्यक्रम का सह प्रभारी बनाया गया संजय शर्मा जी को सौपें गए दायित्व का उन्होंने बखूबी निर्वहन किया संजय शर्मा जी ने कल कार्यक्रम में पधारे सभी सम्मानित सैनिक एवं उनके परिवार के सदस्यों सहित कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस सेवादल सहित समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया संजय शर्मा जी ने सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं का अभिवादन एवं आभार व्यक्त किया जिनकी वजह से कल का कार्यक्रम सफल हो पाया।

# विश्व साइकिल दिवस पर 3 जून को झाबुआ में निकलेगी साइकिल रैली

**संजय जैन जिला ब्यूरो** झाबुआ – वर्ष 1990 तक साइकिल का दौर रहा। समय के साथ भले ही साइकिल का चलन कम हुआ हो, लेकिन पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन और टिकाऊ यातायात के प्रतीक के रूप में इसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। इसी संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है।गौरतलब है कि इस दिन को मनाने की पहल सबसे पहले अमेरिका के मोंटगोमरी कॉलेज के प्रोफेसर लेस्ज़ेक सिबिल्सकी द्वारा एक याचिका के माध्यम से की गई थी, जिसके आधार पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2018 में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में घोषित किया।इसी क्रम में दिनांक 3 जून 2025, मंगलवार को झाबुआ में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर प्रातः 10:30 बजे एक साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली पुलिस लाइन झाबुआ से प्रारंभ होगी, जिसे कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी।रैली के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण सुरक्षा तथा स्वच्छ ऊर्जा के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा। उक्त साइकिल रैली में आप सादर आमंत्रित हैं।

# कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में नेपानगर एवं बुरहानपुर विधानसभा को मिले नए अध्यक्ष





**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुर, प्रदेश में संगठनात्मक सशक्तिकरण एवं डिजिटल प्रचार को और अधिक गतिशील बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के सोशल मीडिया विभाग द्वारा विधानसभा स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं।इन नियुक्तियों को मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सोशल मीडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया श्रीनाते, प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, सह प्रभारी संजय दत्त, राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी, बुरहानपुर प्रभारी ग्यारशीलाल रावत तथा सह प्रभारी उत्तम पाल के मार्गदर्शन एवं सहमति से अंतिम रूप दिया गया। हिमांशु महेश सांखला को नेपानगर विधानसभा का सोशल मीडिया अध्यक्ष एवं शाहरुख अहमद को बुरहानपुर विधानसभा का सोशल मीडिया अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

**वरिष्ठ नेतृत्व की शुभकामनाएँ** इन नियुक्तियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक श्री ठाकुर सुरेंद्र सिंह 'शेरा भैया', जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर के अध्यक्ष श्री रिंकू टांक, एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री हर्षित सिंह ठाकुर और देव ठाकुर ने दोनों नव नियुक्त युवाओं को बधाई दी और आशा जताई कि ये नव नियुक्त पदाधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

**शुभकामनाएँ एवं विश्वास** मध्यप्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग इन नव नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता है एवं उनके उज्ज्वल, ऊर्जावान और समर्पित नेतृत्व की कामना करता है।

# स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने की दी समझाइश




**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुर– कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.कविता गढ़वाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनांतर्गत ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई। विभाग द्वारा संचालित 12 औषधालयों के माध्यम से विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि, तम्बाकू के सेवन से बार–बार मुंह में छाले आना, मुँह का घाव ठीक न होना, मुँह का पूरी तरह से नहीं खुलना आदि समस्याएं होती है। वहीं तम्बाकू के सेवन से घातक बीमारियां जैसे– कैंसर, फेफड़ों के रोग, आदि बीमारियां भी सामने आती हैं इसके अलावा शारीरिक और मानसिक हानि के बारे में भी विस्तृत तरीके से बताया गया। ग्रामीणों को अजवाइन, सौफ, सौंठ, गिलोय आदि का सेवन और स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने की बात कहीं गई। नशा मुक्ति हेतु शपथ भी दिलाई गई।

# आबकारी विभाग ने होटल लीला ढाबा से 69.02 बल्क लीटर बरामद की




मंदसौर 2 जून 2024/ जिला आबकारी अधिकारी मंदसौर ने बताया कि श्री राजेन्द्रसिंह गरवाल आबकारी उप निरीक्षक वृत सीतामऊ द्वारा कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के आदेशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी श्री बद्रीलाल दांगी के मार्गदर्शन में, सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंदसौर श्री नानूराम वास्कले के निर्देशन में होटल लीला ढाबा बसई रोड रूपनी चौराहा थाना नाहरगढ़ स्थल से आरोपी गोविंद पिता दुर्गाशंकर सेन उम्र 25 वर्ष बेटीखेड़ी के कब्जे से ढाबे के अंदर से देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर की कुल मात्रा 69.02 बल्क लीटर बरामद कर आरोपी के विरूध्द मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34 (1) क , (2) के तहत प्रकरण कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में जप्त मदिरा की कीमत लगभग रूपये 30 हजार रू. है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक श्री राजेन्द्रसिंह गरवाल व आबकारी आरक्षक क्रमशः श्री कपिल मारू, श्री चेतन राठौर, श्री रवि राठौर एवं नगर सैनिक श्री मोहम्मद ताहीर मौजूद थे।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस मेले का आयोजन 9 जून को

धार, जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था इन्दौर नाका धार में जिला रोजगार कार्यालय, प्राचार्य आई.टी.आई. धार और महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धार के संयुक्त तत्वाधान में 9 जून को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला (युवा संगम) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन कर रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इनमें शंकर नुट्रिशन कम्पनी पीथमपुर, केश कंस्ट्रक्शन, हीम टेक्नोफोर्ज, एनालटेक लैब पीथमपुर, जील फैशन वियर प्रा. लि.ग्राम छायन बदनावर, युवा शक्ति फाउंडेशन प्रा.लि. पीथमपुर, कासमोश मेनपावर प्रा.लि. गुजरात आदि कंपनियां भाग लेंगे। ऐसे आवेदक जिनकी आयू 18 से 35 वर्ष है एवं योग्यता 5वीं से 10वीं, 12वीं एवं स्नातक, आय.टी.आय. उत्तीर्ण हो अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ जिला रोजगार कार्यालय आई.टी.आई. केम्पस इन्दौर नाका धार में 11 बजे से दोपहर 3 बजे बजे तक उपस्थित होकर योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय धार में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 11 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन करने की तिथि में वृद्धि

धार, प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गरडावद ने बताया कि (सीबीएसई सम्बद्ध) में सत्र 2025–26 में कक्षा 11 वीं में संकाय (विज्ञान, वाणिज्य, कला) के लिए रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश हेतु (केवल अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं हेतु) विद्यार्थियों की सूची (पैनल) तैयार की जानी है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में केवल अंग्रेजी माध्यम के छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन कक्षा 10 वीं की अंकसूची के परीक्षा परिणाम के आधार पर किया जाएगा। विद्यालय में आवेदन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राप्त किए जा सकते है। आवेदन पत्र जमा की अंतिम तिथि अब 6 जून निर्धारित है। अधिक जानकारी हेतु विद्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

## कुक्षी में 5 जून को विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन होगा

धार, जिला प्रशासन द्वारा सपनों की उड़ान हेतु 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्षन सत्र का आयोजन 5 जून को दोपहर 12 बजे से ऑडिटोरियम एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल कन्या परिसर कुक्षी में किया जा रहा है। जिसमे एक्सपर्स्ट्स और हर फील्ड में विशेषज्ञों के माध्यम से विद्यार्थियों के करियर संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए जायेंगे। 12वीं पास सभी विद्यार्थी अधिक से अधिक इसका लाभ लेंवे।

# पंख अभियान के तहत सभी विभाग विभागीय योजनाओं में बांछड़ा समुदाय के आधिकाधिक हितग्राहियों को हित लाभ प्रदान करें-श्री चंद्रा

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियो के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाए - कलेक्टर

### कलेक्टर ने की जिला अधिकारियों की बैठक में पंख अभियान की प्रगति की समीक्षा




**नीमच 2 जून 2025 ,** जिला प्रशासन द्वारा जिले के बांछड़ा बाहुल्य गांवों में निवासरत महिलाओं ,युवाओं और हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार , रोजगार एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाकर, हित लाभ प्रदान करे ,जिससे कि इस समुदाय के युवा एवं महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष नीमच में जिलाधिकारियों की बैठक में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित पंख अभियान नीमच की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या , संयुक्त कलेक्टर डॉ ममता खेड़े , सभी एसडीएम ,डिप्टी कलेक्टर एवं जिलाधिकारी तथा बांछड़ा बाहुल्य ग्रामों के लिए पंख अभियान के तहत नियुक्त किए गए सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से आवंटित ग्रामों का भ्रमण करें ,बांछड़ा समुदाय के पात्र युवाओं , हितग्राहियों और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए चिन्हित कर ,उन्हें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाए। कलेक्टर ने समुदाय के पढ़े -लिखे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश भी शिक्षा विभाग ,आदिम जाति कल्याण विभाग को दिए। उन्होंने पुलिस, आर्मी एवं अन्य ऐसी परीक्षाओं की फिजिकल तैयारी के लिए भी निःशुल्क व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बांछड़ा समुदाय के पात्र युवक- युवतियों को स्वरोजगार के लिए ब्यूटी पार्लर ,सिलाई, बकरी पालन, पशुपालन एवं अन्य व्यवसायों का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग को निर्देश दिए कि वह जिले में स्थापित उद्योगों में उनकी मांग के अनुरूप बांछड़ा समुदाय के युवक-युवतियों को सिलाई एवं अन्य प्रशिक्षण दिलाकर उद्योगों में अधिकाधिक युवाओं का प्लेसमेंट करवाए ।

# वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- उद्यमी हैं संपत्ति निर्माता, फायदा कमाना अब अपराध नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा हकै कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमियों को 'संपत्ति निर्माता' मानती है, क्योंकि वे जो मुनाफा कमाते हैं, अगर वह नैतिक तरीकों से हो, तो वह देश के विकास में मदद करता है। वित्तमंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद व्याख्यान की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में संपत्ति बनाना कभी भी गलत नहीं माना गया। हमने संपत्ति निर्माण को बढ़ावा दिया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम उद्यमियों को संपत्ति निर्माता कहते हैं, न कि चोर। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसा मुनाफा जो ईमानदार और नैतिक तरीकों से कमाया गया हो, वही असली संपत्ति बनाता है। यह संपत्ति देश को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और श्रमिकों की गरिमा देने में मदद करती है। इससे न केवल लोगों का जीवन स्तर सुधरता है बल्कि पूरे देश की आत्मा और गति को भी मजबूती मिलती है।

वित्तमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को याद करते हुए कहा कि जब भी कोई नीति बनाई जाए तो सबसे नीचे खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि उसे ऊपर उठाया जा सके और उसकी गरिमा बनी रहे। उन्होंने कहा, चाहे वो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हों या वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इन दोनों नेताओं के शासनकाल में बनाई गई सभी नीतियों में एकात्म मानववाद की भावना साफ दिखती है।

सीतारमण ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का नारा पंडित उपाध्याय की अंत्योदय की सोच से मेल खाता है। इसका मतलब है- समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना। उन्होंने आगे कहा, अगर हम हर व्यक्ति को गरीबी से बाहर निकालें, उन्हें रोजगार दें, बुनियादी जरूरतें दें, तो उनका जीवन स्तर सुधरता है। और जब ऐसा होता है, तो वे देश की उत्पादन क्षमता का हिस्सा बनते हैं। इससे पूरे देश की आर्थिक प्रगति होती है।

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार, किसी भी राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय रक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस दिशा में प्रधानमंत्री मोदी 2014 से ही आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा उत्पादन को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ सरकारें कहती थीं कि उनके पास रक्षा खरीद के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन मोदी सरकार ने यह सोच बदल दी है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि करदाताओं की सेवा करना विभाग के अधिकारियों का कर्तव्य है और उन्हें यह कार्य पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि करदाताओं को सेवा प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। करदाताओं की सेवा करते समय, उनका विश्वास और भरोसा जीतने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बेहद जरूरी है। मुझे विश्वास है कि बोर्ड और क्षेत्रीय संरचनाएं संवेदनशील और उत्तरदायी बनी रहेंगी। उनका यह बयान जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने वाली एक व्यावसायिक इकाई के मामले में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के दिए विस्तृत स्पष्टीकरण के जवाब में दिया गया था। आवेदक ने आवेदन की प्रक्रिया में देरी की शिकायत की थी। सीबीआईसी ने जवाब के तौर पर मामले के पेंडिंग होने के पीछे विस्तृत स्पष्टीकरण पेश किया।

सीबीआईसी ने कारण बताया कि करदाता कंपनी की ओर से साइन करने वाले व्यक्ति के पद को लेकर पूछे गए विशेष सवाल का जवाब न मिलने की वजह से यह देरी हो रही है। लिंक्डइन पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन मुद्दे के बारे में लिखने वाले विनोद गुप्ता के मामले के तथ्य का हवाला देते हुए सीबीआईसी ने एक्स पर कहा, आवेदन इस सप्ताह 26 मई (सोमवार) को दायर किया गया था, जिसे दिल्ली राज्य जीएसटी को सौंपा गया था. इस मामले में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं थी। बयान में आगे कहा गया कि दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों के अनुसार, मामले पर तुरंत काम किया गया था और कंपनी की ओर से रेंट एग्रीमेंट पर साइन करने वाले व्यक्ति के मिसिंग डिजिगनेशन के बारे में एक प्रश्न उठाया गया था। इस स्तर पर एआरएन करदाता की ओर से जवाब की वजह से पेंडिंग था और करदाता को इसकी जानकारी दी गई थी। बयान में बताया गया कि पेंडिंग जानकारी प्राप्त होने पर दिल्ली जीएसटी अधिकारी आवेदन पर कार्रवाई करेंगे। सीबीआईसी ने आवेदक से तथ्यों को बिना जाने सोशल मीडिया पर गलत जानकारी प्रसारित न करने का भी अनुरोध किया है।

## 4 दिन बाद आपको मिल सकती है गुड न्यूज! हो सकता है बड़ा ऐलान

**बिजनेस डेस्क: आम जनता के लिए अच्छी खबर आ सकती है, क्योंकि होम लोन, कार लोन और अन्य रिटेल लोन की ईएमआई में कटौती की संभावना जताई जा रही है। बीते 6 महीने में केंद्रीय बैंक RBI ऐसा दो बार कर चुका है और अब 6 जून को इस बारे में एक बड़ा फैसला करने जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक 4 से 6 जून तक होने जा रही है, जिसमें ब्याज दरों को लेकर अहम फैसला लिया जा सकता है।**

**भारतीय रिजर्व बैंक ने इससे पहले फरवरी और अप्रैल में एमपीसी की बैठक की थी। तब दोनों बार रेपो रेट 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी।**

**अर्थशास्त्रियों का कहना है कि विकास की गति धीमी है और महंगाई भी काबू में है। ऐसे में RBI के पास मौद्रिक नीति को और आसान बनाने का मौका है।**

**तीसरी बार कम होगी ब्याज दर**

**RBI के इस बार भी अपने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की उम्मीद है। इसकी वाजिब वजह भी है। देश में एवरेट रिटेल महंगाई दर 4 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। ये आरबीआई के टारगेट के हिसाब से है, इसलिए नीतिगत ब्याज दरों में लगातार तीसरी बार कटौती की उम्मीद बढ़ गई है। इसके अलावा अमेरिका की ओर से टैरिफ वॉर शुरू किए जाने के बाद वहां पर इंपोर्ट टैक्स बढ़ गया है। ये भारत जैसी एक्सपोर्ट इकोनॉमी के लिए थोड़ा नुकसानदायक है।**

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स**

**बैंक ऑफ बड़ोदा के चीफ इकोनॉमिस्ट मदन सबनवीस का कहना है, हमारा मानना है कि महंगाई की नरम स्थिति और आरबीआई के विभिन्न उपायों के माध्यम से कैश फ्लो की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के चलते, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी। वृद्धि और महंगाई, दोनों के लिए ये कटौती अहम होगी।**

**रेटिंग एजेंसी इक्रा की चीफ इकोनॉमिस्ट अदिति नायर का मानना है कि चालू वित्त वर्ष के बड़े हिस्से के लिए सीपीआई ( उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ) महंगाई चार प्रतिशत तक रहने के अनुमान के चलते, एमपीसी मौद्रिक नीति में ढील जारी रख सकती है।**

# श्रेयस की दमदार बल्लेबाजी, फाइनल में पंजाब बनाम बेंगलुरु.... 18वें सत्र में मिलेगा नया आईपीएल चैंपियन

कप्तान श्रेयस अय्यर के नाबाद अर्धशतक की बदौलत पंजाब किंग्स ने क्वालिफायर-2 मुकाबले में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 203 रन बनाए थे, जवाब में पंजाब ने श्रेयस की दमदार अर्धशतकीय पारी की मदद से 19 ओवर में पांच विकेट पर 207 रन बनाकर जीत दर्ज की।

**तीन जून को मिलेगा नया चैंपियन** पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। अब उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया। टीम ने एलिमिनेटर में गुजरात को हराया था, लेकिन हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम क्वालिफायर-2 की बाधा पार नहीं कर सकी। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा।

**श्रेयस अय्यर ने दिलाई टीम को जीत** लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने 72 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद श्रेयस और नेहाल वढेरा ने साझेदारी निभाई और चौथे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। श्रेयस ने इस दौरान 27 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस और वढेरा के बीच साझेदारी को अश्विनी कुमार ने वढेरा को आउट कर तोड़ा जो 48 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, श्रेयस क्रीज पर टिके रहे और उन्होंने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। श्रेयस 41 गेंदों पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स के लिए प्रियांश आर्या ने 20, जोश इंग्लिस ने 38 और प्रभसिमरन सिंह ने छह रन बनाए। शशांक सिंह दो रन बनाकर आउट हुए, जबकि स्टोइनिस दो रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की ओर से अश्विनी कुमार को दो विकेट मिले, जबकि ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पांड्या को एक-एक विकेट मिला।

**सूर्यकुमार और तिलक ने मचाया धमाल** मुंबई के लिए जॉनी बेयरस्टो (38), तिलक वर्मा (44) और सूर्यकुमार (44) ने बड़े स्कोर की नींव रखी। नमन धीर ने भी 18 गेंद में 33 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। रोहित शर्मा (आठ) पिछले मैच की तरह मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। तीसरे



ओवर में काइल जैमिसन की गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजइ ने उनका कठिन कैच टपकाया। अगले ओवर में हालांकि रोहित अपना पसंदीदा पूल शॉट खेलने के प्रयास में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप स्क्वेयर लेग में विशाख विजयकुमार को कैच दे बैठे।

**शुरुआती झटके से अविचलित मुंबई ने दस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाना जारी रखा। तिलक ने दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर से बेयरस्टो भी काफी आक्रामक खेल रहे थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की।** मुंबई ने पावरप्ले में छह ओवर में एक विकेट पर 65 रन बनाए।

*नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन गुकेश ने कार्लसन को हराया, पिछली हार का भी लिया बदला*

*नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में रविवार को विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने एक रोमांचक मैच में विश्व नंबर एक शतरंज खिलाड़ी नॉर्वे के ही मैग्नस कार्लसन को चौंका दिया और क्लासिकल शतरंज में उनपर पहली जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेल रहे कार्लसन ने अधिकांश समय मैच में इसका फायदा उठाया और लगातार दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जरूरत पड़ने पर सावधानी पूर्वक खेल खेला और फिर कार्लसन पर अटैक किया।*

# गुकेश से हार के बाद दिग्गज कार्लसन ने आपा खोया, मेज पर हाथ पटका, फिर माफी मांगी और चलते बने

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ी जीत हासिल की है। इस जीत से जहां गुकेश बेहद खुश नजर आए, वहीं कार्लसन आपा खो बैठे। अपने देश में गुकेश से हार को वह बर्दाश्त नहीं कर पाए। कार्लसन ने हार के बाद जोर से हाथ को उस मेज पर पटका, जहां चेस बोर्ड रखा हुआ था। उनके हाथ पटकने से पूरा चेस बोर्ड हिल गया। इसके बाद कार्लसन अपनी कुर्सी से उठकर अपनी भड़ास निकाली और फिर गुकेश से माफी मांगते हुए चेस बोर्ड के पास आए। फिर उन्होंने मुहरों को सजाने की कोशिश की, लेकिन झल्लाहट में उसे भी पटक दिया। वहीं, दूसरी तरफ गुकेश ने जीत हासिल करने के बाद चुपचाप जश्न मनाया। उन्हें यकीन नहीं हुआ कि उनकी मेहनत काम कर गई। फिर कार्लसन तेजी से चलते हुए हॉल से निकल गए। उन्होंने गुकेश की पीठ भी थपथपाई। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहां बैठे सभी लोगों ने गुकेश के लिए ताली बजाई। गुकेश ने कार्लसन को चौंकाते हुए क्लासिकल शतरंज में कार्लसन पर पहली जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेल रहे कार्लसन ने अधिकांश समय मैच में इसका फायदा उठाया और लगातार दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जरूरत पड़ने पर सावधानी पूर्वक खेल खेला और फिर कार्लसन पर अटैक किया। जैसे जैसे कार्लसन पर समय से चाल चलने का दबाव बढ़ता गया, कार्लसन ने गलतियां कीं और इसने गुकेश को वापसी का मौका दिया गुकेश ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपने सारी स्किल को मैच में झोंक दिया और जीत दर्ज की। मैच के बाद गुकेश ने कहा- मैं बहुत कुछ नहीं कर सकता था।



मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1 I0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - I9 I4826006, 8643056464, 9 I I5154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)